स्टे सेफ ऑनलाइन एंड जी20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस

भारत के G20 अध्यक्षता के हिस्से के रूप में **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** ने **"स्टे सेफ ऑनलाइन"** अभियान और **"G20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस"** (G20-DIA) लॉन्च किया है।

स्टे सेफ ऑनलाइन अभियान:

- **'स्टे सेफ ऑनलाइन अभियान'** का उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के व्यापक उपयोग और डिजिटल भुगतान को तेज़ी से अपनाने के कारण **ऑनलाइन विश्व में सुरक्षित रहने हेतु नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाना** है।
- भारत में इंटरनेट उपयोगकर्त्ताओं की संख्या में तेज़ी से वृद्धि और तीव्र गति से विकसित हो रहे **प्रौद्योगिकी परिदृश्य ने अनूठी चुनौतियाँ पेश** की हैं।
- यह अभियान **सभी आयु वर्ग के नागरिकों,** विशेष रूप से बच्चों, छात्रों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों, शिक्षकों, संकाय, केंद्र/राज्य सरकारों के अधिकारियों आदि को **साइबर ज़ोखिम और इससे निपटने के तरीकों से अवगत कराएगा।**
- अधिक-से-अधिक लोगों तक इस अभियान की पहुँच के लिये इसे **अंग्रेज़ी, हिंदी और स्थानीय भाषाओं** में चलाया जाएगा।
- अभियान में **इन्फोग्राफिक्स, कार्टून कहानियों, पहेलियों**, लघु वीडियो आदि के रूप में बहुभाषी जागरूकता सामग्री का प्रसार शामिल है।

G20 ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन एलायंस प्रोग्राम (G20-DIA):

- इसका उद्देश्य **G20 देशों के साथ-साथ आमंत्रित गैर-सदस्य देशों** को स्टार्टअप्स द्वारा विकसित नवीन और प्रभावशाली डिजिटल तकनीकों को पहचानने और अपनाने में सक्षम बनाना है।
- यह छह महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों यानी एग्री-टेक, हेल्थ-टेक, एड-टेक, फिन-टेक, सिक्योर्ड डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और सर्कुलर इकॉनमी में मानवता की ज़रूरतों को पूरा करने की परिकल्पना करता है।
    - डिजिटल पब्लिक गुड्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से सक्षम इन छह क्षेत्रों में स्टार्टअप उत्पाद वैश्विक जनसंख्या-पैमाने पर प्रभाव पैदा कर सकते हैं और **डिजिटल विभाजन को कम कर सकते हैं एवं टिकाऊ तथा समावेशी तकनीकी-सामाजिक-आर्थिक विकास को सक्षम कर सकते हैं।**
- इनोवेटर्स, एंटरप्रेन्योर्स, स्टार्टअप्स, कॉर्पोरेशन, इनवेस्टर्स, मेंटर्स और अन्य **इकोसिस्टम स्टेकहोल्डर्स के जुड़ाव से उस प्लेटफॉर्म की तेज़ी से स्वीकार्यता बढ़ेगी, जिसे भारत G20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस (G20-DIA) के माध्यम से पेश करने की योजना बना रहा है।**

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/stay-safe-online-and-g20-digital-innovation-alliance